CISF AC (EXE) LDCE-2026

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी. बी. सी. : BSIC-A-GPI

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

A

क्रम संख्या

1000253

परीक्षण पुस्तिका

सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता तथा वृत्तिक कौशल

समय : दो घण्टे और तीस मिनट

पूर्णांक : 300

अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **150** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं है ।**
11. इस परीक्षण पुस्तिका में **दो भाग** हैं । **भाग – A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं । **भाग – B वृत्तिक कौशल** के विषय में है और इसमें **75** प्रश्न हैं । इन सभी **150** प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं ।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

भाग – A

सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

1. कोई तेज गति वाला कैरम स्ट्राइकर, कैरम की गोटियों के स्तंभ (कैरम क्वाइन पाइल) में से केवल कैरम की निचली गोटी को विस्थापित करता है। निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना इस प्रभाव की सही व्याख्या है ?
   (a) न्यूटन का गति का प्रथम नियम
   (b) प्रत्येक क्रिया की एकसमान प्रतिक्रिया का नियम
   (c) अपवर्तन का नियम
   (d) हेल्महोल्ट्ज़ नियम

2. ध्वनि तरंगों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
   (a) ध्वनि तरंगें अनुप्रस्थ तरंगें होती हैं।
   (b) ध्वनि तरंगें उसी परावर्तन के नियम का अनुसरण करती हैं जैसा कि प्रकाश तरंगें करती हैं।
   (c) ध्वनि तरंगें कम सघन माध्यम में द्रुततर वेग से गमन करती हैं।
   (d) ध्वनि तरंगें वायुमंडल के साथ-साथ निर्वात में भी गमन कर सकती हैं।

3. दो बंदूक A और B को एकसमान गोलियों (बुलेटों) के फायर के द्वारा परीक्षण किया जाता है, जिनमें प्रतिक्षेप निरोधक यंत्रावली (रीकॉइल सप्रेशन मैकेनिज़्म) नहीं है। दोनों बंदूकों का द्रव्यमान एकसमान है। यदि बंदूक A, बंदूक B की तुलना में द्रुततर गति से प्रतिक्षिप्त होती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
   (a) बंदूक A, बंदूक B की तुलना में अवश्य ही द्रुततर गति से गोली (बुलेट) फायर करेगी।
   (b) बंदूकों की फायर थमने से पहले, बंदूक B, बंदूक A की तुलना में अधिक दूरी तय करेगी।
   (c) बंदूक A, बंदूक B की तुलना में कम पश्चगामी बल लगाएगी।
   (d) बंदूक B, बंदूक A की तुलना में गोली (बुलेट) पर अधिक बल लगाएगी।

4. रात्रि दृष्टि कैमरों (Night vision cameras) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
   (a) वे अवरक्त प्रकाश की पहचान करते हैं।
   (b) वे पराबैंगनी प्रकाश की पहचान करते हैं।
   (c) वे रेडियो तरंगों की पहचान करते हैं।
   (d) वे सूक्ष्म तरंगों की पहचान करते हैं।

5. धनुष की तनी हुई प्रत्यंचा में संचित ऊर्जा के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
   (a) स्थितिज ऊर्जा के रूप में ऊर्जा संचित होती है।
   (b) ऊष्मा ऊर्जा के रूप में ऊर्जा संचित होती है।
   (c) गतिज ऊर्जा के रूप में ऊर्जा संचित होती है।
   (d) घर्षण ऊर्जा के रूप में ऊर्जा संचित होती है।

6. किसी सामान्य मनुष्य में लक्षणों की वंशागति (inheritance of traits) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है ?
   (a) प्रत्येक लक्षण, मातृक DNA द्वारा प्रभावित होता है।
   (b) प्रत्येक लक्षण, पैतृक DNA द्वारा प्रभावित होता है।
   (c) प्रत्येक लक्षण, पैतृक और मातृक DNA, दोनों द्वारा प्रभावित होता है।
   (d) प्रत्येक लक्षण, मातृक DNA द्वारा अधिक प्रभावित होता है और पैतृक DNA द्वारा कम प्रभावित होता है।

7. वैज्ञानिकों और उनके योगदान के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित है ?
   (a) चार्ल्स डार्विन : वंशागति के नियम
   (b) ग्रेगर मेंडल : प्राकृतिक वरण
   (c) अर्नस्ट मेयर : जैविक प्रजाति अवधारणा
   (d) आर.एच. व्हिटेकर : छह जीव-जगत (किंगडम) वर्गीकरण

PART – A

GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

1. A fast-moving carrom striker displaces only the bottom carrom coin from the carrom coin pile. Which one among the following phenomena gives the correct explanation of this effect ?

   (a) Newton's First Law of Motion

   (b) Law of Equal Reaction to Every Action

   (c) Law of Refraction

   (d) Helmholtz Theorem

2. With regard to sound waves, which one among the following is correct ?

   (a) Sound waves are transverse waves.

   (b) Sound waves follow the same law of reflection as followed by light waves.

   (c) Sound waves travel faster in a less dense medium.

   (d) Sound waves can travel in vacuum as well as in atmosphere.

3. Two guns A and B, which do not have recoil suppression mechanisms, are tested by firing identical bullets. Mass of both the guns is the same. If gun A recoils at a faster speed than gun B, then which one among the following is correct ?

   (a) Gun A must have fired the bullet at a faster speed compared to gun B.

   (b) Gun B travels greater distance than gun A before they come to a stop.

   (c) Gun A exerts less force backwards compared to gun B.

   (d) Gun B exerts more force on the bullet compared to gun A.

4. With regard to night vision cameras, which one among the following is correct ?

   (a) They detect infrared light.

   (b) They detect ultraviolet light.

   (c) They detect radio waves.

   (d) They detect microwaves.

5. Which one among the following is correct with regard to the energy stored in the stretched string on a bow ?

   (a) The energy is stored as potential energy.

   (b) The energy is stored as heat energy.

   (c) The energy is stored as kinetic energy.

   (d) The energy is stored as frictional energy.

6. Which one of the following statements is the most appropriate with regards to the inheritance of traits in a normal human individual ?

   (a) Each trait is influenced by the maternal DNA.

   (b) Each trait is influenced by the paternal DNA.

   (c) Each trait is influenced by both the paternal and the maternal DNA.

   (d) Each trait is influenced more by the maternal DNA and less by the paternal DNA.

7. Which one of the following pairs of scientists and their contributions is correctly matched ?

   (a) Charles Darwin : Laws of Inheritance

   (b) Gregor Mendel : Natural Selection

   (c) Ernst Mayr : Biological Species Concept

   (d) R.H. Whittaker : Six-Kingdom Classification

8. निम्नलिखित में से कौन-सा, समजात अंगों (homologous organs) का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(a) बोगेनविलिया का कंटक और कुकरबिटा का प्रतान (tendril)

(b) पक्षियों के पंख और तितलियों के पंख

(c) अश्वों के अग्रपाद और मानव के हस्त

(d) चमगादड़ों के पंख और डॉलफ़िनों के अरित्र (flipper)

9. जैव-विविधता के बाह्य-स्थाने संरक्षण (Ex-situ Conservation) में क्या सम्मिलित हैं ?

(a) पवित्र उपवन (Sacred groves)

(b) राष्ट्रीय उद्यान

(c) वन्यजीव अभयारण्य

(d) प्राणि उद्यान और वनस्पति उद्यान

10. पौधों की विशिष्ट संरचनाएँ कौन-सी हैं, जो स्टोमेटा के रंध्रों (stomatal pores) के खुलने और बंद होने को नियंत्रित करती हैं ?

(a) द्वार-कोशिकाएँ

(b) हरितलवक

(c) रसधानियाँ

(d) कोशिका भित्ति

11. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. आयनिक त्रिज्या क्रम : $Na^+ < Mg^{2+} < Al^{3+} < Si^{4+}$
2. परमाणु त्रिज्या क्रम : $Si < Al < Mg < Na$
3. प्रभावी नाभिकीय आवेश : $Na < Si < Mg < Al$

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 2

12. उत्कृष्ट गैसों (Noble gases) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) उन सभी में स्थायी अष्टक विन्यास विद्यमान हैं।

(b) वे एकपरमाणुक हैं।

(c) वे वर्णहीन हैं।

(d) ज़ीनॉन अभिक्रियाशील है।

13. क्षारीय धातुएँ जल के साथ अभिक्रिया करके $H_2(g)$ और धात्विक हाइड्रॉक्साइड उत्पन्न करते हैं। Li प्लवमान होती है और धीमी गति से अभिक्रिया करती है, जबकि Cs अधिक प्रबल रूप से अभिक्रिया करती है। निम्नलिखित में से किस गुणधर्म के कारण ऐसा होता है ?

(a) गलनांक

(b) प्रथम आयनन ऊर्जा

(c) विद्युतऋणात्मकता

(d) इलेक्ट्रॉन बंधुता

14. 'काँच (Glass)' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) काँच को 'अतिशीतित' द्रव कहा जाता है।

(b) काँच के निर्माण के लिए मुख्य उपादान हैं : सिलिका, सोडा क्षार, बोरेक्स, एल्यूमिना और काँच अवशेष।

(c) रंगीन काँच तैयार करने के लिए विशिष्ट धात्विक ऑक्साइड मिलाए जाते हैं।

(d) गलनांक को कम करने के लिए लघु मात्रा में आर्सेनिक ट्राइऑक्साइड मिलाई जाती है।

15. निम्नलिखित यौगिकों में से एक यौगिक को छोड़कर सभी में क्रोमियम की ऑक्सीकरण अवस्था एकसमान है।

CrO_3, Cr_2O_3, $CrCl_3$, $Cr_2(CO_3)_3$

उस यौगिक का चयन कीजिए जिसकी ऑक्सीकरण अवस्था अन्य यौगिकों से भिन्न है :

(a) CrO_3

(b) Cr_2O_3

(c) $CrCl_3$

(d) $Cr_2(CO_3)_3$

8. Which one among the following is ***not*** an example of homologous organs ?

(a) Thorn of Bougainvillea and Tendril of Cucurbita

(b) Wings of birds and Wings of butterflies

(c) Forelimbs of horse and Hands of humans

(d) Wings of bats and Flippers of dolphins

9. Ex-situ conservation of biodiversity consists of :

(a) Sacred Groves

(b) National Parks

(c) Wildlife Sanctuaries

(d) Zoological Parks and Botanical Parks

10. What are the specialised structures of plants which control the opening and closing of stomatal pores ?

(a) Guard cells

(b) Chloroplasts

(c) Vacuoles

(d) Cell walls

11. Consider the following :

1. Ionic radius order : $Na^+ < Mg^{2+} < Al^{3+} < Si^{4+}$
2. Atomic radius order : Si < Al < Mg < Na
3. Effective nuclear charge : Na < Si < Mg < Al

Which of the above is/are correct ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 only

(d) 2 only

12. Which one of the following statements about the noble gases is ***not*** correct ?

(a) All of them have stable octet configuration.

(b) They are monoatomic.

(c) They are colourless.

(d) Xenon is found to be reactive.

13. Alkali metals react with water to promote $H_2(g)$ and metal hydroxides. Li floats and reacts slowly, whereas Cs reacts more vigorously. This is because of which one of the following properties ?

(a) Melting point

(b) First ionization energy

(c) Electronegativity

(d) Electron affinity

14. Which one of the following statements regarding 'glass' is ***not*** correct ?

(a) Glass is called a 'super-cooled' liquid.

(b) Main ingredients for the manufacturing of glass are silica, soda ash, borax, alumina and waste glass.

(c) Particular metal oxides are added to prepare coloured glasses.

(d) Minor amount of arsenic trioxide is added to lower the melting point.

15. The oxidation state of Chromium is the same in all of the following compounds except one.

CrO_3, Cr_2O_3, $CrCl_3$, $Cr_2(CO_3)_3$

Select the compound whose oxidation state is different from others?

(a) CrO_3

(b) Cr_2O_3

(c) $CrCl_3$

(d) $Cr_2(CO_3)_3$

16. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा वर्ष 2017 में PLFS प्रारंभ किया गया था।
2. इसका उद्देश्य चालू साप्ताहिक स्थिति (CWS) के अनुसार केवल शहरी क्षेत्रों के लिए तीन माह के अल्पकालिक अंतराल में प्रमुख रोजगार और बेरोजगारी संकेतकों का आकलन करना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

17. संधारणीय आवास के लिए राष्ट्रीय मिशन (NMSH) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसका उद्देश्य भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को प्राप्त करने के लिए ग्रीन हाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की तीव्रता के न्यूनीकरण हेतु न्यून-कार्बन शहरी विकास को बढ़ावा देना है।
2. इसका उद्देश्य वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2035 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की उत्सर्जन तीव्रता को 33 – 35% कम करना है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

18. राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना (NAPCC) के अधीन निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से मिशन है/हैं?

1. राष्ट्रीय सौर मिशन
2. राष्ट्रीय जल मिशन
3. जलवायु परिवर्तन के लिए रणनीतिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

19. प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PMDDKY) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसका लक्ष्य सभी उच्च प्रदर्शन वाले कृषि जिलों को शामिल करना है।
2. इसका उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, सिंचाई और भंडारण में सुधार करना, और ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
3. यह केवल कृषि और संबद्ध गतिविधियों पर केंद्रित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

20. मिशन LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह उपभोक्तावाद को बढ़ावा देने की परिकल्पना करता है।
2. इस योजना में, 'ग्रह-हितैषी लोग (Pro-Planet People)' नामक व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क तैयार करना और उसे पोषित करना शामिल है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

16. Which of the following statements about Periodic Labour Force Survey (PLFS) is/are correct ?

1. PLFS was launched by the National Statistical Office in 2017.
2. Its objective is to estimate the key employment and unemployment indicators in the short time interval of three months for the urban areas only in the Current Weekly Status (CWS).

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

17. Which of the following statements about National Mission on Sustainable Habitat (NMSH) is/are correct ?

1. It aims at promoting low-carbon urban growth towards reducing GHG emission intensity for achieving India's Nationally Determined Contribution (NDC).
2. It aims to reduce the Emissions Intensity of its GDP by 33 – 35% by 2035 from 2005 levels.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

18. Which among the following is/are the mission(s) under the National Action Plan on Climate Change (NAPCC) ?

1. National Solar Mission
2. National Water Mission
3. National Mission on Strategic Knowledge for Climate Change

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 3 only
(d) 1, 2 and 3

19. Which of the following statements about PM Dhan-Dhaanya Krishi Yojana (PMDDKY) are correct ?

1. It targets all high-performing agri-districts.
2. It aims to enhance productivity, promote crop diversification, improve irrigation and storage, and ensure credit access.
3. Its focus is exclusively on agriculture and allied activities.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

20. Which of the following statements about Mission LiFE (Lifestyle for Environment) is/are correct ?

1. It envisions to promote consumerism.
2. It plans to create and nurture a global network of individuals, namely 'Pro-Planet People'.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

21. एक दुकानदार किसी वस्तु के विक्रय मूल्य को इसके क्रय मूल्य से 20% अधिक सूचीबद्ध करता है। उसके बाद वह उस वस्तु पर 10% त्योहारी छूट देता है। उसका नेट लाभ क्या है ?

(a) 12%

(b) 10%

(c) 8%

(d) 5%

22. किसी परीक्षा में 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक इस प्रकार हैं :
30, 95, 50, 65, 70, x, 45, 75, 60, 40
यदि अंकों का औसत 60 है, तो x का मान क्या है ?

(a) 60

(b) 70

(c) 65

(d) 75

23. नीचे दिए गए अनुक्रम में परवर्ती संख्या क्या होगी ?

2, 8, 18, 32, 50, _ ?

(a) 72

(b) 70

(c) 68

(d) 60

24. यदि किसी वर्ष में 1 मार्च को सोमवार है, तो उसी वर्ष 17 जून को कौन-सा दिन होगा ?

(a) मंगलवार

(b) बुधवार

(c) बृहस्पतिवार

(d) शुक्रवार

25. मूल सिक्कों की आधी मोटाई वाले और एक-तिहाई व्यास वाले नए सिक्के तैयार करने के लिए 10 सर्वसम (identical) चाँदी के सिक्कों को पिघलाया जाता है। तैयार किए गए नए सिक्कों की संख्या कितनी है ?

(a) 60

(b) 90

(c) 120

(d) 180

26. 6 फुट उच्चता (height) का कोई व्यक्ति, 30 फुट उच्चता वाले किसी लैंपपोस्ट के पाद से 12 फुट की दूरी पर खड़ा है। जमीन पर बनने वाली उसकी छाया की लंबाई कितनी है ?

(a) 3 फुट

(b) 6 फुट

(c) 9 फुट

(d) 12 फुट

27. यह विदित है कि तीन धावक (एथलीट) X, Y और Z में से X, Y से तेज दौड़ता है, और Y, Z से धीमा दौड़ता है। दी गई जानकारी के आधार पर तीनों में से कौन सबसे तेज दौड़ता है ?

(a) X

(b) Y

(c) Z

(d) निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता

28. कोई व्यक्ति किसी लेखन-सामग्री की दुकान से कुछ कलम और कुछ पेंसिल खरीदता है जिसका कुल मूल्य ₹ 85 है। एक पेंसिल का मूल्य ₹ 5 है और एक कलम का मूल्य ₹ 10 है। यदि खरीदी गई पेंसिलों की संख्या, खरीदी गई कलमों की संख्या से अधिक है, किंतु कलमों की दुगुनी संख्या से कम है, तो खरीदी गई कलमों की संख्या कितनी है ?

(a) 4

(b) 5

(c) 6

(d) 7

21. A shopkeeper lists the selling price of an item at 20% more than its cost price. He then offers a festival discount of 10% on that item. What is his net profit ?

(a) 12%

(b) 10%

(c) 8%

(d) 5%

22. The marks scored by 10 students in an examination are as follows:

30, 95, 50, 65, 70, x, 45, 75, 60, 40.

If the average of the marks is 60, then what is the value of x ?

(a) 60

(b) 70

(c) 65

(d) 75

23. What should be the next number in the sequence given below ?

2, 8, 18, 32, 50, _ ?

(a) 72

(b) 70

(c) 68

(d) 60

24. If 1st March of a year happens to be a Monday, what day is 17th June of the same year ?

(a) Tuesday

(b) Wednesday

(c) Thursday

(d) Friday

25. Ten identical silver coins are melted to make new coins having half the thickness and one-third the diameter of the original coins. What is the total number of new coins made ?

(a) 60

(b) 90

(c) 120

(d) 180

26. A person of height 6 feet is standing at a distance of 12 feet from the foot of a lamp post of height 30 feet. What is the length of his shadow formed on the ground ?

(a) 3 feet

(b) 6 feet

(c) 9 feet

(d) 12 feet

27. Among three athletes X, Y and Z, it is known that X runs faster than Y, and Y runs slower than Z. Based on the given information, who is the fastest among the three ?

(a) X

(b) Y

(c) Z

(d) Cannot be concluded

28. A person buys a few pens and a few pencils from a stationery shop for a total cost of ₹ 85. A pencil costs ₹ 5 and a pen costs ₹ 10. If the number of pencils bought is more than the number of pens bought, but less than twice the number of pens, then what is the number of pens bought ?

(a) 4

(b) 5

(c) 6

(d) 7

29. 50 विद्यार्थियों की एक कक्षा (क्लास) में 20 विद्यार्थी क्रिकेट खेलते हैं, 15 विद्यार्थी फुटबॉल खेलते हैं और 10 विद्यार्थी क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेलते हैं। कितने विद्यार्थी न तो क्रिकेट खेलते हैं और न ही फुटबॉल खेलते हैं ?

(a) 5

(b) 10

(c) 20

(d) 25

30. यदि किसी सामान्य वर्ष (non-leap year) में 31 दिसंबर को रविवार है, तो उस वर्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा दिन 53 बार आएगा ?

(a) शनिवार

(b) रविवार

(c) सोमवार

(d) मंगलवार

31. निम्नलिखित बारंबारता-सारणी द्वारा प्रदत्त आँकड़ों पर विचार कीजिए :

मान	1	2	3	4	5
बारंबारता	5	4	x	2	1

यदि आँकड़ों का माध्य 2·5 है, तो x का मान क्या है ?

(a) 6

(b) 8

(c) 10

(d) 12

32. दो भाइयों के जन्म का अंतराल 3 वर्ष है। 10 वर्ष के बाद उनकी आयु का अनुपात 6 : 5 होगा। तो 15 वर्ष के बाद छोटे भाई की आयु क्या होगी ?

(a) 18 वर्ष

(b) 20 वर्ष

(c) 23 वर्ष

(d) 25 वर्ष

33. यदि दो संख्याओं का अंतर 5 है और उनका गुणनफल 10 है, तो उन संख्याओं के वर्गों के योग का मान क्या है ?

(a) 55

(b) 50

(c) 45

(d) 40

34. दो व्यक्ति A और B एक सीधी रेखा में एक-दूसरे से कुछ दूरी पर खड़े हैं। A, B से दोगुना तेज़ दौड़ सकता है। यदि A, B की ओर दौड़ता है और B अपने स्थान पर खड़ा रहता है, तो वे 3 मिनट के बाद आपस में मिलते हैं। यदि वे दोनों एक-दूसरे की ओर दौड़ते हैं, तो वे कितने समय के बाद आपस में मिलेंगे ?

(a) 1 मिनट

(b) 1·5 मिनट

(c) 2 मिनट

(d) 2·5 मिनट

35. निम्नलिखित श्रेणी में परवर्ती दो पद क्या होंगे ?

2, 2, 4, 3, 6, 5, 8, 7, 10, 11, 12, 13, _, _

(a) 14, 17

(b) 14, 15

(c) 16, 17

(d) 12, 15

29. In a class of 50 students, 20 students play cricket, 15 students play football and 10 students play both cricket and football. How many students play neither cricket nor football ?

(a) 5

(b) 10

(c) 20

(d) 25

30. If 31st December of a non-leap year is Sunday, then which one of the following days in that year occurs 53 times ?

(a) Saturday

(b) Sunday

(c) Monday

(d) Tuesday

31. Consider the data given by the following frequency table :

Value	1	2	3	4	5
Frequency	5	4	x	2	1

If the mean of the data is 2·5, then what is x ?

(a) 6

(b) 8

(c) 10

(d) 12

32. Two brothers were born 3 years apart. After 10 years, the ratio of their ages will be 6 : 5. What will be the age of the younger brother after 15 years ?

(a) 18 years

(b) 20 years

(c) 23 years

(d) 25 years

33. If the difference of two numbers is 5 and their product is 10, then what is the value of the sum of squares of those numbers ?

(a) 55

(b) 50

(c) 45

(d) 40

34. Two persons A and B are standing some distance apart along a straight line. A can run twice as fast as B. If A runs towards B and B stays at his place, they meet after 3 minutes. After how much time will they meet if they both run towards each other ?

(a) 1 minute

(b) 1·5 minutes

(c) 2 minutes

(d) 2·5 minutes

35. What should be the next two terms of the following series ?

2, 2, 4, 3, 6, 5, 8, 7, 10, 11, 12, 13, ___, ___

(a) 14, 17

(b) 14, 15

(c) 16, 17

(d) 12, 15

36. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

सूची I (चोल शिलालेखों में भूमि के प्रकार)	*सूची II (प्रयोजन)*
A. शालाभोग	1. मंदिरों को दान दी गई भूमि
B. पल्लीछंदम	2. जैन संस्थानों को दान दी गई भूमि
C. वेल्लनवगाई	3. किसी विद्यालय के रखरखाव के लिए भूमि
D. तिरुनामाट्टुक्कानी	4. अब्राह्मण कृषक स्वामी की भूमि

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

37. हड़प्पावासियों के कृषि ज्ञान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कालीबंगन और शोर्तुघई में जोते गए खेत तथा बनावली और जवाईवाला में हल के पकी मिट्टी के निदर्श (टेराकोटा मॉडल) का भी प्रमाण मिलता है।
2. वहाँ उन्नत फसल कटाई यंत्रों का प्रचुर प्रमाण मिलता है।
3. हड़प्पावासियों को गेहूँ की जानकारी नहीं थी।

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) कोई नहीं

38. भारत में एक बृहत् लौह और इस्पात उद्योग के निर्माण की दृष्टि से लौह अयस्क निक्षेपों की खोज करते समय, अमेरीकी भूवैज्ञानिक चार्ल्स वेल्ड और दोराबजी टाटा वर्ष 1904 में, आज के छत्तीसगढ़ की यात्रा कर रहे थे। इस यात्रा के दौरान, वे लौह अयस्क से लदे टोकरे ढोने वाले जनजातीय लोगों के संपर्क में आए, जिन्होंने लौह के एक स्रोत की खोज में उनकी सहायता की। निम्नलिखित में से उस विशिष्ट जनजाति को पहचानिए :

(a) खरवार

(b) मुंडा

(c) संथाल

(d) अगरिया

39. पान के पत्ते और सुपारी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. *चरक संहिता* और *सुश्रुत संहिता* में पान के पत्तों का कोई उल्लेख नहीं है।
2. कालिदास के *रघुवंश* में पान के पत्ते चबाने को दक्षिण भारत के साथ संबद्ध किया गया है।
3. *पट्टुपट्टू* में सुपारी पौधों के खेतों का उल्लेख है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

40. गुरु अर्जन देव ने निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में *''गुरबाणी''* का संकलन किया है ?

(a) *गुरु ग्रंथ साहिब*

(b) *आदि ग्रंथ साहिब*

(c) *शबद*

(d) *नाम-कीर्तन*

36. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

List I (Type of Land in Chola Inscription)		*List II (Purpose)*
A. Shalabhoga	1.	Land gifted to temples
B. Pallichchhandam	2.	Land donated to Jain Institutions
C. Vellanvagai	3.	Land for the maintenance of a school
D. Tirunamattukkani	4.	Land of non-Brahmana peasant proprietors

Code :

	A	B	C	D
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

37. With reference to the agricultural knowledge of the Harappans, consider the following statements :

1. There is evidence of ploughed fields at Kalibangan and at Shortughai and also of terracotta models of plough at Banawali and Jawaiwala.
2. There is ample evidence of advanced harvesting tools.
3. Wheat was not known to Harappans.

How many of the statements given above is/are correct ?

(a) One
(b) Two
(c) Three
(d) None

38. While in search of iron ore deposits, Charles Weld, an American geologist and Dorabji Tata were travelling in present-day Chhattisgarh in 1904 with a view to build a big Iron and Steel industry in India. In this course, they came in contact with tribal people carrying basket loads of iron ore, who helped them in the discovery of a source of iron. Identify the particular tribe from below :

(a) Kharwars
(b) Mundas
(c) Santhals
(d) Agarias

39. With reference to the use of betel leaves and areca nuts, consider the following statements :

1. There is no reference to betel leaf in *Charak Samhita and Sushruta Samhita.*
2. Kalidasa's *Raghuvamsha* associates the practice of betel leaf chewing with South India.
3. *Pattupattu* mentions fields of areca plants.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

40. Guru Arjan Dev compiled *"Gurbani"* in which one of the following texts ?

(a) *Guru Granth Sahib*
(b) *Adi Granth Sahib*
(c) *Shabad*
(d) *Nam-Kirtan*

41. विजयनगर साम्राज्य के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विजयनगर के शासक स्वयं को *राय* कहते थे।
2. चीन और दक्षिण-पूर्वी एशिया से अश्वों का आयात किया जाता था।
3. विजयनगर मसालों, वस्त्रों, और मूल्यवान रत्नों के व्यापार से जुड़े इसके बाज़ारों के लिए विख्यात था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) 1 और 2
(b) केवल 1
(c) 1 और 3
(d) 2 और 3

42. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1913 में भारत की प्रथम फिल्म का निर्माण किया ?

(a) धुंडीराज गोविंद फाल्के
(b) आर्देशिर ईरानी
(c) एन.टी. रामाराव
(d) द्वारकादास संपत

43. अपने पति की मृत्यु के बाद, गढ़ा-कटंगा की वीर रानी, रानी दुर्गावती ने अपने जिस पाँच-वर्षीय पुत्र की ओर से शासन प्रारंभ किया, उसका नाम है :

(a) शिव सिंह
(b) वीर नारायण
(c) सालवाहन
(d) संग्राम शाह

44. कश्मीर के निम्नलिखित शासकों में से किसे महापद्म झील के बाढ़ के पानी से फ़सलों को होने वाली क्षति को रोकने के लिए बड़े कदम उठाने का श्रेय दिया जाता है ?

(a) शंकरवर्मन
(b) अवंतीवर्मन
(c) ललितादित्य मुक्तपीड़
(d) यशस्कर

45. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

	सूची I (पुस्तक)		*सूची II (लेखक)*
A.	*इंदुलेखा*	1.	फकीर मोहन सेनापति
B.	*उमराव जान अदा*	2.	मिर्ज़ा मोहम्मद हादी रुस्वा
C.	*सरस्वती चंद्रा*	3.	गोवर्धन राम त्रिपाठी
D.	*छमाण आठ गुंठ*	4.	चंदू मेनन

कूट :

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	4	2	3	1
(b)	4	3	2	1
(c)	1	3	2	4
(d)	1	2	3	4

46. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

	सूची I (जियोसिंक्लाइन के प्रकार)		*सूची II (विशेषता)*
A.	मोनोजियोसिंक्लाइन	1.	दीर्घ और संकीर्ण, उथला जल क्षेत्र
B.	मार्जिनल जियोसिंक्लाइन	2.	ज्वालामुखीय उत्पादों की उच्च मात्रा वाली जियोसिंक्लाइन
C.	यूजियोसिंक्लाइन	3.	ज्वालामुखीय उत्पादों की निम्न मात्रा वाली जियोसिंक्लाइन
D.	मायोजियोसिंक्लाइन	4.	जहाँ महाद्वीपीय उपांत, महासागरीय उपांत से मिलते हैं, वहाँ पर स्थित

कूट :

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

41. Consider the following statements regarding the Vijayanagara Empire :

1. The rulers of Vijayanagara called themselves *Rayas*.
2. Horses were imported from China and South-East Asia.
3. Vijayanagara was noted for its markets dealing in spices, textiles, and precious stones.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2
(b) 1 only
(c) 1 and 3
(d) 2 and 3

42. Who among the following produced the first film in India in the year 1913 ?

(a) Dhundiraj Govind Phalke
(b) Ardeshir Irani
(c) N.T. Rama Rao
(d) Dwarkadas Sampat

43. After the death of her husband, Rani Durgawati, the brave queen of Garha-Katanga started ruling on behalf of her five-year-old son named :

(a) Sib Singh
(b) Bir Narain
(c) Salbahan
(d) Sangram Shah

44. Who among the following rulers from Kashmir is credited with having taken major steps to prevent the flood waters of Mahapadma Lake from damaging crops ?

(a) Shankarvarman
(b) Avantivarman
(c) Lalitaditya Muktapida
(d) Yashaskara

45. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

	List I (Book)		*List II (Author)*
A.	*Indulekha*	1.	Fakir Mohan Senapati
B.	*Umrao Jan Ada*	2.	Mirza Mohammad Hadi Ruswa
C.	*Saraswati Chandra*	3.	Govardhanram Tripathi
D.	*Chha Mana Atha Guntha*	4.	Chandu Menon

Code :

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	4	2	3	1
(b)	4	3	2	1
(c)	1	3	2	4
(d)	1	2	3	4

46. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

	List I (Type of Geosyncline)		*List II (Characteristic)*
A.	Monogeosynclines	1.	Long and narrow, shallow water tracts
B.	Marginal geosynclines	2.	Geosynclines having high amount of volcanic products
C.	Eugeosynclines	3.	Geosynclines having low amount of volcanic products
D.	Miogeosynclines	4.	Situated where continental margin meets the ocean margin

Code :

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

47. निम्नलिखित में से, भारत के किस प्रकार के वन में किसी को गुच्छघास (Tussocky Grass) मिल सकती है ?

(a) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

(b) उष्णकटिबंधीय कंटक वन

(c) पर्वतीय वन

(d) वेलांचली वन

48. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारत में कृष्य व्यर्थ भूमि को परिभाषित करता है ?

(a) पाँच कृषि वर्षों से अधिक अवधि के लिए जो भूमि अकृष्य पड़ी है

(b) एक कृषि वर्ष से कम अवधि के लिए जो भूमि अकृष्य पड़ी है

(c) एक से तीन कृषि वर्षों की अवधि के लिए जो भूमि अकृष्य पड़ी है

(d) भवन, सड़क, कारखानों आदि के निर्माण के लिए प्रयुक्त भूमि

49. भारत में मत्स्य उद्योग (फिशरीज़) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत, विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक और जल-कृषि में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है।
2. मत्स्य उद्योग को 'उभरता क्षेत्र (सनराइज़ सेक्टर)' माना जाता है।
3. भारत विश्व में सबसे बड़ा झींगा उत्पादक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

50. लक्षद्वीप के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा संघ राज्य क्षेत्र है जो कि प्रवाल द्वीपों और भित्तियों से बना द्वीपसमूह है।
2. लक्षद्वीप कुल 36 द्वीपों से बना है, जिनमें से केवल 6 द्वीप आबाद हैं।
3. वहाँ के निवासियों की मुख्य जीविका मछली पकड़ना, नारियल की खेती करना और नारियल-जटा से रस्सी बनाना (कॉयर ट्विस्टिंग) है।
4. लक्षद्वीप के नारियल को एक जैविक उत्पाद के रूप में ब्रांड किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) 2, 3 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 1, 2 और 4

51. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

सूची I (कोपेन के जलवायु प्रकार)		*सूची II (क्षेत्र)*
A.	लघु शुष्क ऋतु वाला मानसून प्रकार	1. गंगा के मैदान का अधिकतर भाग
B.	उष्णकटिबंधीय सवाना	2. प्रायद्वीपीय पठार के अधिकतर भाग
C.	अर्धशुष्क स्टेपी	3. मुंबई के दक्षिण में पश्चिमी तटीय क्षेत्र
D.	शुष्क शीत ऋतु वाला मानसून प्रकार	4. पश्चिमी घाट के वृष्टि-छाया क्षेत्र

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

47. In which one of the following types of forests of India can one find the Tussocky Grass ?

(a) Tropical Deciduous Forests

(b) Tropical Thorn Forests

(c) Montane Forests

(d) Littoral Forests

48. Which one among the following options defines Culturable Waste Lands in India ?

(a) Land left uncultivated for more than five agricultural years

(b) Land left uncultivated for less than one agricultural year

(c) Land left uncultivated for the past one to three agricultural years

(d) Land used for the construction of buildings, roads, factories, etc.

49. Consider the following statements regarding the fisheries of India :

1. India is the third-largest fish-producing and the second largest aquaculture-producing nation in the world.
2. Fisheries is considered a 'Sunrise Sector'.
3. India is the largest shrimp producer in the world.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

50. Consider the following statements regarding Lakshadweep :

1. Lakshadweep, the smallest Union Territory of India is an archipelago consisting of coral islands and reefs.
2. Lakshadweep consists of 36 islands in all, of which only 6 are inhabited.
3. The main occupation of the inhabitants are fishing, coconut cultivation and coir twisting.
4. Lakshadweep coconut is branded as an organic product.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2, 3 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 1, 2 and 4

51. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

List I (Koeppen's Climatic Type)	*List II (Region)*
A. Monsoon type with short dry season	1. Most parts of Ganga Plains
B. Tropical Savanna	2. Most parts of Peninsular Plateau
C. Semi-arid Steppe	3. Western coastal region, South of Mumbai
D. Monsoon type with dry winters	4. Rain shadow areas of the Western Ghats

Code :

	A	B	C	D
(a)	1	4	2	3
(b)	1	2	4	3
(c)	3	2	4	1
(d)	3	4	2	1

52. भारत की निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से कौन-सी सीमा सबसे दीर्घ है ?

(a) भारत – नेपाल सीमा

(b) भारत – भूटान सीमा

(c) भारत – म्याँमार सीमा

(d) भारत – बांग्लादेश सीमा

53. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

सूची I (पर्वत शिखर)	*सूची II* (अवस्थिति)
A. सैडल शिखर	1. उत्तरी अंडमान
B. माउंट डियावोलो	2. मध्य अंडमान
C. माउंट कोयोब	3. दक्षिणी अंडमान
D. माउंट थुल्लियर	4. ग्रेट निकोबार

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	3	2	4
(c)	4	3	2	1
(d)	4	2	3	1

54. भारत में खनिज संसाधनों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ओडिशा कुल लौह अयस्क के आधे से अधिक उत्पादन करता है।
2. झारखंड, भारत में ताम्र का सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. कर्नाटक, भारत में स्वर्ण का सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

55. भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य कॉफ़ी का प्रमुख उत्पादक है ?

(a) केरल

(b) तमिलनाडु

(c) असम

(d) कर्नाटक

56. भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 (प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण) के अधीन, निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल ***नहीं*** है ?

(a) जीविका का अधिकार

(b) प्रतिष्ठा का अधिकार

(c) विदेश यात्रा का अधिकार

(d) मतदान का अधिकार

57. भारत के संविधान के अधीन, निजता के अधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

1. भारत के संविधान में मूल अधिकार के रूप में निजता का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं है।
2. भारत के उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2017 के पुट्टस्वामी निर्णय में निजता को मूल अधिकार के रूप में मान्यता दी है।
3. निजता का विषय, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों पर अध्यारोही (override) हो सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1 और 3

52. Which one among the following international borders of India is the longest ?

(a) Indo – Nepal Border
(b) India – Bhutan Border
(c) Indo – Myanmar Border
(d) India – Bangladesh Border

53. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

List I (Mountain Peak)		*List II (Location)*
A. Saddle Peak	1.	North Andaman
B. Mount Diavolo	2.	Middle Andaman
C. Mount Koyob	3.	South Andaman
D. Mount Thullier	4.	Great Nicobar

Code :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	1	3	2	4
(c)	4	3	2	1
(d)	4	2	3	1

54. Consider the following statements regarding Mineral resources in India :

1. Odisha produces more than half of the total Iron Ore.
2. Jharkhand is the largest producer of Copper in India.
3. Karnataka is the largest producer of Gold in India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

55. Which one among the following States in India is the leading producer of Coffee ?

(a) Kerala
(b) Tamil Nadu
(c) Assam
(d) Karnataka

56. Which one of the following is ***not*** covered under Article 21 (Protection of life and personal liberty) of the Constitution of India ?

(a) Right to livelihood
(b) Right to reputation
(c) Right to go abroad
(d) Right to vote

